पंजाब केसरी 01/10/2024

जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों ने ली स्वच्छता की शपथ

स्वच्छता के प्रति जागरुकता फैलाने की शपथ ग्रहण करते जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थी। (देवव्रत)

अम्बाला, 30 सितम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने स्वच्छता के प्रति जागरुकता फैलाने की शपथ ग्रहण की।

स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत हुए इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बखूबी निभाई। कॉलेज में स्वच्छ भारत अभियान के अध्यक्ष डा. राकेश कुमार ने सभी को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि समाज के हर वर्ग को स्वच्छता के लिए अपनी भूमिका अदा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और स्वच्छ भारत अभियान को एक जन आंदोलन बनाना है।

कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. सुजाता गोयल ने सभी विद्यार्थियों का आह्वान किया कि हमें अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर सी.टी.ओ. डा. तृप्ति शर्मा ने कहा कि स्वच्छ मन, स्वच्छ तन एवं स्वच्छ वातावरण में ही हमारा सम्पूर्ण विकास संभव है। इस कार्यक्रम में कॉलेज के विद्यार्थियों एवं एन.सी.सी. कैडेट्स का उत्साह देखने योग्य रहा।